समाचार

महापौर ने किया विकास कार्य का भूमिपूजन

(महापौर मद से गुरूद्वारा के समीप सामुदायिक भवन के पास होगा अतिरिक्त सुविधा व विकास का कार्य)

कोरबा 16 मार्च 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज वार्ड क्र. 13 टी.पी.नगर स्थित गुरूद्वारा के पास स्थित सामुदायिक भवन के समीप अतिरिक्त सुविधा व विकास कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होने पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्य, पार्षद, एल्डरमेन व गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 13 अंतर्गत गुरूद्वारा के पास स्थित सामुदायिक भवन के समीप महापौर मद से 09 लाख 20 हजार रूपये की लागत से अतिरिक्त सुविधा एवं विकास संबंधी कार्य किए जाने हैं। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया, शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा कार्य का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा सभी समाज के लिए व्यापक स्तर पर विकास व निर्माण कार्य कराए गए हैं तथा समाजों की मांग के अनुरूप उन्हें सौगातें दी गई हैं, निश्चित रूप से हम सौभाग्यशाली है कि हमें ऐसा जनप्रतिनिधि मिले हैं, जो सदैव कोरबा के विकास के लिए समर्पित रहते हैं तथा समाज के हर वर्ग के लोगों के सुख–दुख में सहभागी बनते हैं। उन्होने कहा कि आज जिस विकास कार्य का भूमिपूजन किया जा रहा है, उसकी स्वीकृति राजस्व मंत्री जी के मार्गदर्शन में ही दी गई है। महापौर श्री प्रसाद ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य संपादन के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा समयसीमा में कार्यो को पूरा करें।

सभी समाज को दी गई भरपूर मदद – इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा सभी समाज को उनके सामाजिक कार्यो हेतु भरपूर मदद दी गई है तथा समाजों की इच्छा के अनुरूप उनके समाज के लिए विकास व निर्माण कार्य कराए गए हैं। उन्होने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि निगम द्वारा वार्डो में वहां की जनता की मांग के अनुसार विकास व निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

राजस्व मंत्री व महापौर को धन्यवाद– इस अवसर पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान श्री अमरीक सिंह धंजल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज यहां पर अतिरिक्त सुविधा व विकास कार्यो का शुभारंभ किया गया है, यह कार्य महापौर मद से किए जाने हैं, इसके लिए मैं राजस्व मंत्री श्री जयसिह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद को बहुत–बहुत धन्यवाद देता हॅू, निश्चित रूप से मेरा यह अनुभव रहा है कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल से विकास संबंधी जो भी मांग की जाती है, वह उस मांग को अवश्य पूरा करते हैं।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही मेयर इन कांउसिल सदस्य सपना चौहान, संतोष राठौर, पार्षद रविसिंह चंदेल, धनसाय साहू, शैलेन्द्र सिंह पप्पी, एल्डरमेन एस.मूर्ति, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान अमरीक सिंह धंजल, ओंकार सिंह प्रेमी, बंटी शर्मा, हरपाल सिंह, परमजीत सिंह भाटिया, इकबाल दयाला, त्रिलोचन सिंह भाटिया, प्रकाश सिंह, सुरजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह भाटिया, सुखेन्दर सिंह, गणेशदास महंत, महेन्द्र निर्मलकर, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा, विवेक रिछारिया, सोमनाथ डहरे आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।